## कॉलेज भवन निर्माण का भूमि पूजन 3 को

**श्रीविजयनगर,** (कासं)। सेठ केसरीचंद सत्यनारायण अग्रवाल राजकीय महाविद्यालय के भवन निर्माण का भूमि पूजन सोमवार को होगा। गोकलचन्द केसरीचन्द अग्रवाल परिवार की ओर से आयोजित यह समारोह डी.ए.वी. स्कूल के पास रायसिंहनगर रोड पर संपन्न होगा। इस आयोजन के साथ ही महाविद्यालय के स्थायी भवन का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।

इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। भूमि पूजन विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जायेगा, जो क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। सत्यलक्ष्मी चैरिटेबल ट्रस्ट, नई दिल्ली की इसमें प्रमुख भूमिका रही है।

ट्रस्ट के ट्रस्टी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता और शंकरलाल अग्रवाल ने बताया कि यह महाविद्यालय क्षेत्र के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा और श्रीविजयनगर को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान दिलायेगा।

क्षेत्रवासी लम्बे समय से एक राजकीय महाविद्यालय का इंतजार कर रहे थे। इस सत्र में महाविद्यालय को पुरानी तहसील भवन में अस्थायी रूप से शुरू किया गया था। अब अग्रवाल परिवार की इस प्रेरणादायी पहल से महाविद्यालय को अपना स्थायी भवन मिलेगा, जो विद्यार्थियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। समाजसेवी प्रतीक अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि परिवार का उद्देश्य समाज को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

# गंगनहर से राजस्थान अन्न भंडार के रूप में विकसित : मेघवाल

**बीकानेर,** (कासं)। गंगनहर के शिलान्यास से लेकर इसके निर्माण कार्य के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बीकानेर संभाग में गंगनहर : सुशासन के 100 वर्ष राज्य स्तरीय समारोह मनाया जायेगा। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल की पहल पर आयोजित होने वाले इस समारोह में 5 दिसम्बर 2025 से लेकर 26 अक्टूबर 2027 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

मेघवाल ने शनिवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में इससे संबंधित पहली बैठक ली तथा सभी अधिकारियों को इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- **बीकानेर संभाग में 5 दिसम्बर से आयोजित होगा 'गंगनहर सुशासन के सौ वर्ष' समारोह**



**गंगनहर सुशासन के 100 वर्ष समारोह को लेकर संभाग के अधिकारियों की बैठक को केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संबोधित किया।**

मेघवाल ने बताया कि 5 दिसम्बर 1925 को बीकानेर के तात्कालिक महाराजा गंगासिंह ने फिरोजपुर पंजाब में गंगनहर का शिलान्यास किया तथा 26 अक्टूबर 1927 को गंगनहर का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में महाराजा गंगासिंह के निमंत्रण पर पंडित मदन मोहन मालवीय, लॉर्ड इरविन तथा अन्य तात्कालिक महाराजा, श्रीगंगानगर के शिवपुर हैड आये। इस दौरान भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मेघवाल ने कहा कि गंगनहर ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ बीकानेर और चूरू आदि क्षेत्रों को नई पहचान दी। गंगनहर के कारण आज राजस्थान हरित पट्टी और अन्न भंडार के रूप में विकसित हुआ है। यहां कृषि और औद्योगिक विकास के साथ सर्वांगीण विकास की राह खुली है।

मेघवाल ने बताया कि इस उपलब्धि के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संभाग भर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसकी शुरूआत 5 दिसम्बर 2025 को फिरोजपुर से राज्य स्तरीय शताब्दी समारोह के साथ होगी। इस दौरान एक स्मारिका प्रकाशित की जायेगी। इसमें इस नहर के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों तथा नहर आने से इस क्षेत्र में हुए चहुंमुखी विकास का उल्लेख किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह जानकारी वर्तमान पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

मेघवाल ने बताया कि 5 दिसंबर 2025 से 26 अक्टूबर 2027 तक चलने वाले इस राज्य स्तरीय शताब्दी समारोह में प्रत्येक मंडी और हर कस्बे में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस दौरान नहर के निर्माण से क्षेत्र में होने वाले लाभ के बारे में बताया जायेगा। साथ ही आगामी 100 वर्ष का संभाग के विकास का रोडमैप तैयार किया जायेगा। इसके लिए आमजन से सुझाव भी प्राप्त किए जायेंगे। इस राज्य स्तरीय समारोह के दौरान बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में बड़े कार्यक्रम होंगे।

मेघवाल ने बताया कि वर्ष 1927 से वर्ष 2027 तक के 100 वर्षों में जन्मे 100 विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान हनुमानगढ़ में किया जायेगा। यह वे लोग होंगे, जिन्होंने संभाग में रहकर कार्य किया और विशेष उपलब्धि हांसिल की। वहीं बीकानेर में बीकानेर-जयपुर रोड स्थित 'धरती धोरां री' में एक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें ऐसे 100 लोगों को सम्मानित किया जाएगा, जिनका जन्म बीकानेर संभाग में हुआ, लेकिन उन्होंने देश और दुनिया के विविध क्षेत्रों को अपनी कर्मभूमि बनाकर संभाग का नाम रोशन किया। बैठक के दौरान ऐसे कई नाम पर चर्चा की गई।

## ब्लड स्टेम सेल दान जागरूकता संगोष्ठी

**नोखा,**(कासं)। महावीर इंटरनेशनल और वैश्य सामाजिक सेवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में ब्लड स्टेम सेल डोनर जागरूकता अभियान के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

आदर्श विद्या मंदिर नोखा के सभागार में हुई इस संगोष्ठी का उद्देश्य ब्लड स्टेम सेल दान के महत्व और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी देना था।

संगोष्ठी का शुभारंभ महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर राजेन्द्र सिंह राठौड़, नोखा केंद्र चेयरमैन वीर सुरेंद्र कुमार हीरावत, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल कुमार भूरा, योगेश मल्होत्रा (फरीदाबाद) और जयकरण दान चारण ने मां भारती व सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ किया। मुख्य वक्ता योगेश मल्होत्रा (फरीदाबाद) ने स्टेम सेल के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि स्टेम सेल ब्लड कैंसर और थैलेसीमिया जैसी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को जीवन प्रदान करने में सहायक हैं। इस प्रक्रिया में दाता के किसी अंग को नहीं निकाला जाता और न ही उसे किसी प्रकार की शारीरिक कमजोरी या थकान होती है। इसमें डोनर की एचएलए जांच की जाती है, जो एक प्रकार का रक्त परीक्षण ही है। डोनर के स्टेम सेल का मिलान किसी आवश्यकता वाले रोगी से हजारों में से किन्हीं एक-दो का ही होता है। चर्चा में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र नागल ने कैंसर के इलाज और कारणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि कैंसर का पता प्रथम या द्वितीय स्टेज में चल जाता है, तो उसे ठीक किया जा सकता है।

## सार-समाचार

### स्लीपर बसों का चक्का जाम

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर से देशभर के अनेक हिस्सों में जाने वाली स्लीपर बसों का चक्का जाम है। दो सौ से ज्यादा बसों का संचालन नहीं होने से हजारों की संख्या में यात्रियों को व्यक्तिगत वाहनों से या फिर रेल से सफर करना पड़ रहा है। बीकानेर से दिल्ली के लिए फ्लाइट पहले ही बंद हो चुकी है। बीकानेर प्राइवेट बस ऑपरेटर यूनियन ने मांगों के संबंध में केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा के निवास पर पहुंचकर ज्ञापन दिया। यूनियन के अध्यक्ष समुंदर सिंह ने बताया कि बीकानेर से कोई भी स्लीपर बस रवाना नहीं की गई है। जो बसें शुक्रवार रात बीकानेर पहुंच गई, उन्हें यहीं रोक लिया गया है। यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए खेद है लेकिन इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। बीकानेर की अधिकांश बसों को ऑपरेटर्स ने अपने डिपो में खड़ा कर दिया है। जिन मुद्दों पर सहमति नहीं बन पा रही है, उनमें बार-बार नियम विरूद्ध चालान काटने का मुद्दा सबसे बड़ा है। आरटीओ और पुलिस हर कहीं खड़े होकर चालान काट रही है। बसों का संचालन पूरी तरह से प्रभावित है। हड़ताल कब तक चलेगी इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। यूनियन का कहना है कि सुरक्षा के अधिकतम साधनों का उपयोग किया गया है। कुछ और सुरक्षा साधन अपनाने हैं, तो यूनियन इसके लिए तैयार है। इसके लिए सरकार को दो से तीन महीने का समय देना होगा। अचानक से सभी काम नहीं हो सकते। बार बार परेशान करने के कारण बसों का चलाना मुश्किल हो रहा है। मंत्री ने इस बारे में जल्द ही मुख्यमंत्री स्तर पर वार्ता करने का आश्वासन दिया है। बीकानेर से जयपुर के लिए सबसे ज्यादा बसें संचालित होती है। इन बसों में सामान्य तौर पर साठ से सत्तर पैसेंजर होते हैं। बीकानेर में मिलन ट्रेवल्स, शर्मा ट्रेवल्स, करण महाराजा ट्रेवल्स, जैन ट्रेवल्स, राठौड़ ट्रेवल्स सहित अनेक ट्रेवल्स कंपनियों की बसें संचालित हो रही है।

### ज्ञान वाटिका का वार्षिकोत्सव आज

**बीकानेर,** (कासं)। संबोधि चातुर्मास 2025 के तहत गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला श्रीजी व शंखनिधि म.सा. के सानिध्य में धार्मिक संस्था ज्ञान वाटिका का वार्षिकोत्सव रविवार को सुबह नौ बजे रांगड़ी चौक की तपागच्छीय पौषधशाला में होगा। श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकोर इकाई की ओर से आयोजित चातुर्मास में खरतरगच्छ युवा व महिला परिषद व ज्ञान वाटिका के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले वार्षिकोत्सव में बालक-बालिकाएं देव, गुरू व धर्म, शिक्षा व संस्कार को बढ़ावा देने वाली प्रस्तुतियां देंगे। खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई के अध्यक्ष अनिल सुराणा ने बताया कि खरतरगच्छाधिपति आचार्य प्रवर जिन मणिप्रभ सूरीश्वर म.सा. के बीकानेर चातुर्मास के दौरान 8 वर्षों से सक्रिय रूप से संचालित ज्ञान वाटिका के बालक-बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर हुई जैन धार्मिक परीक्षा में स्वर्ण, सिल्वर व रजत पदक हासिल कर बीकानेर का नाम रोशन किया है। इनमें हर्षित सेठिया, यश सेठिया व खुशबू जैन आदि प्रमुख रहे है। जैन समाज के बालक- बालिकाओं को धर्म व संस्कारों से जोड़ने के लिए प्रवर्तिनी साध्वी शशि प्रभा की प्रेरणा से साध्वी प्रभंजनाश्रीजी व सुव्रताश्रीजी की संसारिक माता मूलाबाई दुग्गड़ ने 35 वर्ष पूर्व सजन वाटिका शुरू की थी, लेकिन कतिपय कारणों से कुछ वर्ष ही चली। गणिवर्य मणिप्रभ सूरीश्वर की प्रेरणा से साध्वी श्रद्धान्जनाश्री ने इसको सक्रिय किया तथा खरतरगच्छ युवा परिषद व महिला परिषद की देखरेख में ज्ञान वाटिका के संचालन व शिक्षण का जिम्मा सुनीता नाहटा को सौंपा। पिछले 8 वर्षों से सुनीता नाहटा के नेतृत्व में बालक-बालिकाओं ने श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में उदासर, उदयरामसर, नाल, देशनोक सहित बीकानेर के 66 जिनालयों में प्रत्येक रविवार को पूर्ण धर्म निष्ठा के साथ सामूहिक स्नात्र पूजा कर धर्म व आध्यात्मिक चेतना के लिए कार्य किया।

# डेंगू से 5 साल के मासूम की मौत, 9 दिन में तीन ने जान गंवाई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगानगर में डेंगू से 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। उसका इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा था। संक्रमण उसके मस्तिष्क, लिवर और किडनी तक पहुंच गया था। इससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई। 23 अक्टूबर से 1 नवम्बर के बीच डेंगू से तीन जानें जा चुकी हैं।

24 अक्टूबर को श्रीगंगानगर के एसआर गिरी हॉस्पिटल में दौलतपुरा गांव के विवान चौधरी को भर्ती कराया गया था। 25 अक्टूबर की शाम को उसे एसएन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां भी हालत में सुधार नहीं हुआ। गंभीर स्थिति में उसे 26 अक्टूबर की देर रात को गुड़गांव (हरियाणा) स्थित मेदांता हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया।

इसके बाद परिवार वाले विवान को वापस श्रीगंगानगर एसएन हॉस्पिटल ले आए। सुबह डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

- **कलेक्टर के निर्देश पर अब सभी प्राइवेट हॉस्पिटल्स में भर्ती मरीजों के लिए एलाइजा (डेंगू) टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है**

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि शुक्रवार को विवान चौधरी की मौत के कारण की जानकारी जांच के बाद ही सामने आयेगी। उधर विभाग ने मेडिकल हिस्ट्री और टेस्ट रिपोर्ट्स जुटाना शुरू कर दिया है। विवान इकलौती संतान था। पिता संदीप कुमार वन विभाग में तैनात हैं, जबकि मां पार्वती देवी सरकारी स्कूल में टीचर हैं। उनकी पोस्टिंग बीकानेर के कतरियासर में है। विवान अपने दादा-दादी और पिता के साथ घड़साना में रह रहा था। शनिवार को जिले में 17 नए डेंगू मरीज सामने आए। इसी के साथ कुल आंकड़ा 153 तक पहुंच गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी ब्लॉकों में निगरानी बढ़ा दी है।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर अब सभी प्राइवेट हॉस्पिटल्स में भर्ती मरीजों के लिए एलाइजा (डेंगू) टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है। अब जिले के सभी प्राइवेट हॉस्पिटल्स को भर्ती मरीजों के सैम्पल लेकर सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला अस्पताल की लैब में जमा कराने होंगे। यहां एलाइजा टेस्ट पूरी तरह निशुल्क होगा। विभाग ने सभी हॉस्पिटल्स को निर्धारित प्रपत्र भेज दिए हैं।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जो वेंटिलेटर पर है।

हादसा शनिवार सुबह 6 बजे नापासर थाना क्षेत्र के गुंसाईसर इलाके में हुआ। अभी दोनों की पहचान नहीं हो पाई है। सामने आया कि बेकाबू कार दूसरी गाड़ी से टकरा गई थी। थाना अधिकारी लक्ष्मण सुथार ने बताया कि स्विफ्ट डिजायर कार बेकाबू होकर आगे चल रहे एक अन्य वाहन से टकरा गई थी। टकराने के बाद कार पलटती हुई आगे बढ़ी।

इस दौरान कार में सवार एक युवक की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद हैड कांस्टेबल गोविंद सिंह, कांस्टेबल वीरेंद्र और पंकज मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से हटाया। दूसरे घायल का इलाज बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल के ट्रोमा सेंटर में चल रहा है।

# अवैध देशी कट्टा सहित युवक गिरफ्तार

**बीकानेर,**(कासं)। पुलिस ने संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए अभियान के तहत शुक्रवार को एक बदमाश को गिरफ्तार कर एक अवैध पिस्टल बरामद किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौरभ तिवारी के निर्देशन में पुलिस ने आपराधिक गैंग के विरूद्ध कार्यवाही शुरू की है। इस दौरान स्थायी वांरटियों की धरपकड़ की जा रही है। प्रकरणों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ भी हो रही है। आसामाजिक तत्वों, आर्म्स एक्ट व संगठित अपराधियों / विभिन्न गैंग्स के विरूद्ध चलाये गये अभियान के दौरान मुक्ताप्रसाद नगर में थानाधिकारी विजेन्द्र सीला के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है।

थाना स्तर पर गठित टीम ने गश्त के दौरान आरोपी रामस्वरूप गाट पुत्र लक्ष्मण राम जाति जाट उम्र 24 साल निवासी तेजरासर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस को एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी रामस्वरूप के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में दर्ज कर जांच शुरू की है। पंजीकृत कर अनुसंधान रूपाराम स.उ.नि. द्वारा शुरू किया गया। आरोपी से हथियार खरीद फरोक्त से जुड़े लोगों के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है। बीकानेर में अवैध हथियारों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का अभियान जारी है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस जगह जगह दबिश दे रही है। सभी थानों को टारगेट दिया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा अवैध हथियार जब्त हो सके।

- **बीकानेर में अवैध हथियारों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का अभियान जारी**

## बीएलओ को प्रशिक्षण

**अनूपगढ़,** (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) शुरू किया गया है।

अनूपगढ़ और घड़साना पंचायत समितियों में बीएलओ और सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन चरणों में हुआ। प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी। जोशी ने घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन कार्य करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाया।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे मुवक्किल विजयराज पुत्र स्व.पृथ्वीराज बरड़िया के मालिकाने की एक दूकान मैन बाजार (चौपड़ा) श्रीडूंगरगढ़ में स्थित है जिसका पट्टा हजारीमल बरड़िया के नाम से दिनांक 23.12.31 को राजश्री बीकानेर द्वारा जारी किया हुआ है। यह दुकान लक्ष्मीनारायण झालरिया को किराये पर दी हुई है, जिसको बेदखल करने के संबंध में मेरे मुवक्किल के पक्ष में न्यायालय का निर्णय हो चुका है। चैनरूप पुत्र स्व.मोतीलाल बरड़िया निवासी श्रीडूंगरगढ इस दुकान को गलतरूप से अपने-आप को मालिक बताकर विक्रय करने में सक्रिय हुआ है। न्यायालय में उक्त चैनरूप बरड़िया के विरूद्ध कार्यवाही भी विचाराधीन है। अतः सुचित किया जाता है कि उक्त चैनरूप बरड़िया से उक्त दुकान के सम्बन्ध में कोई व्यक्ति लेन-देन करेगा तो उसके लिये आप खुद जिम्मेदार होगें।

भवदीय
मोहनलाल सोनी (एडवोकेट)
श्रीडूंगरगढ़

# बीकानेर में बनेगा जगजीत सिंह म्यूजियम

**बीकानेर,** (कासं)। प्रसिद्ध गजल गायक जगजीत सिंह की स्मृति में बीकानेर शहर में म्यूजियम बनाया जायेगा। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शनिवार को जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि को इसके लिए जमीन आवंटित करने के निर्देश दिए हैं।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि प्रसिद्ध गजल गायक जगजीत सिंह के बचपन के 10 वर्ष बीकानेर में गुजरे। उनके पिता सरदार अमर सिंह धीमान, तात्कालिक महाराजा गंगासिंह के शासन में सार्वजनिक निर्माण विभाग में ओवैशियर थे। इस कारण जगजीत सिंह की प्रारंभिक शिक्षा बीकानेर में ही हुई। उन्होंने कहा कि जगजीत सिंह ने देश और दुनियां में बीकानेर एवं श्रीगंगानगर का नाम रोशन किया।

आने वाली पीढ़ी को उनके योगदान की जानकारी रहे, इसे ध्यान रखते हुए बीकानेर में उनकी स्मृति में म्यूजियम बनाया जायेगा। जहां उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संबंधित जानकारी संकलित की जायेगी। मेघवाल ने इस म्यूजियम के लिए भूमि आवंटित करने के निर्देश जिला कलेक्टर एवं बीडीए अध्यक्ष नम्रता वृष्णि को दिए। मेघवाल ने 23 नवम्बर को होने वाले साइक्लिंग इवेंट 'टूर दा थार' की तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने बताया कि बीकानेर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के साइकलिंग इवेंट 'टूर दा थार' का आयोजन किया जायेगा। इसकी शुरूआत नौरंगदेसर से होगी। यह विश्व के मानचित्र पर बीकानेर को नई पहचान दिलाएगा।

## मारपीट कर पिकअप से कुचला

**बीकानेर,** (कासं)। सरदारशहर स्थित बीकानेर रोड स्थित होटल पर देर रात एक युवक की मारपीट व पिकअप से कुचलकर हत्या कर दी गई।

युवक अपने दोस्त के साथ खाना खाने आया हुआ था। होटल मालिक से रूपए के लेनदेन के विवाद को लेकर हो रही मारपीट में युवक ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने उसकी मारपीट कर पिकअप से कुचल कर हत्या कर दी। मानवेन्द्र सिंह निवासी सरदारशहर व सतपाल सिंह निवासी सोमणसर का रूपए के लेन-देन को लेकर होटल मालिक संदीप से विवाद हुआ था। मृतक के भाई ने तीन युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

# शादियों के सीजन में साइबर ठग भेज रहे हैं नकली ई-निमंत्रण लिंक

**बीकानेर,**(कासं)। साइबर अपराधों को रोकने के लिए पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को एक गंभीर साइबर खतरे के प्रति आगाह किया है। विवाह-शादी के इस सीज़न में साइबर ठग सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और ईमेल के माध्यम से ई-निमंत्रण और गिफ्ट लिंक के बहाने एक खतरनाक जाल बिछा रहे हैं। इस चेतावनी का उद्देश्य साइबर अपराधों पर अंकुश लगाना है।

उप महानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि अपराधी एक फर्जी एपीके फाइल जिसका नाम अक्सर आमंत्रण होता है, साझा कर रहे हैं। उपयोगकर्ता जैसे ही शादी के आमंत्रण या लोकेशन लिंक समझकर इस पर क्लिक करते हैं, यह एप्लीकेशन मोबाइल में इंस्टॉल हो जाता है। यह कोई साधारण ऐप नहीं बल्कि एक बैकडोर मैलवेयर है, जो डिवाइस को हैक कर लेता है। एक बार इंस्टॉल होने के बाद यह मैलवेयर चुपके से एसएमएस, संपर्क सूची, कैमरा और फाइल एक्सेस जैसी संवेदनशील अनुमतियां प्राप्त कर लेता है। इसके बाद यह गुप्त रूप से उपयोगकर्ता की व्यक्तिगत जानकारी, बैंकिंग डिटेल्स, ओटीपी और पासवर्ड को एकत्रित करना शुरू कर देता है। साइबर अपराधी इसी चोरी किए गए डेटा का उपयोग करके बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे हैं, जिससे आमजन की गाढ़ी कमाई खतरे में पड़ रही है।

- **विवाह आमंत्रण के नाम पर साइबर जाल - आमंत्रण से हो सकता है मोबाइल हैक**
- **क्लिक करते ही चोरी हो सकती है आपकी निजी जानकारी व बैंकिंग डिटेल्स**

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2025/4463 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 31-10-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 17 के किला नं. 20 में भूखण्ड संख्या का माप 15' गुणा 30' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक **श्री श्याम लाल पुत्र श्री सुरजाराम निवासी 41 विद्युत कॉलोनी,** 5 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक **श्री श्याम लाल पुत्र श्री सुरजाराम निवासी 41 विद्युत कॉलोनी,** 5 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 17 के किला नं. 20 में भूखण्ड संख्या का माप 15' गुणा 30' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

-सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन

मु.नं./134/2025/2208 दिनांक 10.10.2025

सर्वसाधारण को सूचनार्थ हेतु

नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री मनमोहन कल्याणी पुत्र श्री डूंगरमल निवासी कल्याणी भवन गजनेर रोड़ कोठारी हास्पीटल के पास बीकानेर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत रोटरी सर्विस ट्रस्ट सार्दूल गंज बीकानेर प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है। अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 7.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.12.2025 निश्चित है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर

# 'इलेक्टर मैपिंग से जुड़े कार्य में न्यूनतम प्रगति वाले बीएलओ पर होगी कार्यवाही'

**बीकानेर,** (कासं)। मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा इलेक्टर मैपिंग कार्य में ढिलाई बरते जाने को जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने गंभीरता से लिया। उन्होंने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में इलेक्टर मैपिंग से जुड़े कार्य में न्यूनतम प्रगति वाले बीएलओ के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को दिए।

उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि निर्वाचन से जुड़े कार्यों में लापरवाही किसी स्तर पर स्वीकार नहीं होगी। मैपिंग से जुड़े कार्य में गति नहीं आने पर संबंधित कार्मिक के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी तथा उच्च स्तर पर इससे अवगत भी करवाया जायेगा। इस दौरान मैपिंग से जुड़े कार्य में बीकानेर पश्चिम, बीकानेर पूर्व एवं खाजूवाला के न्यूनतम प्रगति वाले बीएलओ मौजूद रहे। वहीं अन्य विधानसभा के बीएलओ वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े। जिला कलेक्टर ने एक-एक बीएलओ से फीडबैक लिया।



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।**

उन्होंने संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी पूर्ण गंभीरता से मॉनिटरिंग के निर्देश दिए और कहा कि किसी विधानसभा क्षेत्र में इस कार्य में गति नहीं हुई तो संबंधित ईआरओ भी इसके लिए जिम्मेदार होगा। कलेक्टर वृष्णि ने कहा कि जल्दी ही इसकी पुनः समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कि कार्य क्रियान्वयन में किसी प्रकार की व्यवहारिक परेशानी आए तो बीएलओ तत्काल संबंधित ईआरओ, मास्टर ट्रेनर अथवा सुपरवाइजर से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि 40 साल से कम आयु के मतदाताओं की मैपिंग के मामले में कोलायत सबसे फिसड्डी है। नोखा और खाजूवाला नीचे से क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर है।

- **निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को करनी होगी नियमित समीक्षा**

## जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ी

**लूणकरनसर,** (कासं)। लूणकरनसर कस्बे के रेलवे स्टेशन पर 20 साल के युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया है।

यह घटना शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। लूणकरनसर पुलिस को रेलवे स्टेशन पर समीर नामक युवक के बेहोशी की हालत में पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने युवक को लूणकरनसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। चूंकि यह क्षेत्र जीआरपी पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसलिए लूणकरनसर पुलिस ने प्राथमिक उपचार के बाद जीआरपी पुलिस को सूचित कर दिया है। आगे की कार्रवाई जीआरपी पुलिस करेगी।

**राजस्थान आवासन मण्डल**
**RAJASTHAN HOUSING BOARD**
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**

क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2025-26/664 दिनांक :- 1/11/2025

**आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की विशिष्ट पंजीकरण योजना 1978 में चालान संख्या 00783 द्वारा रूपये 2500/- जमा करवाकर श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व.रामचन्द्र अग्रवाल ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को आवास सं.03-घ-47 पवनपुरी योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 115.50 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 8509 दिनांक 20.01.1979 को जारी किया गया था। मण्डल रिकॉर्ड के अनुसार दिनांक 31.3.2001 कन्वेशडीड/परिपिज्युल को जारी कर दी गई थी। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 31.3.2001 को पंजीकृत हैं।

तद्श्चात् श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व.श्री रामचन्द्र अग्रवाल ने उक्त आवास का बैचान बैयनामा एवम् ईकरारनामा के माध्यम से श्रीमति श्यामा अग्रवाल पत्नि श्री अरूण कुमार अग्रवाल को किया गया। उक्त बैयनामा एवम् ईकरारनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 26.5.2008 एवम् दिनांक 24.5.2008 से पंजीकृत है। तद्श्चात् श्रीमति श्यामा अग्रवाल पत्नि श्री अरूण कुमार अग्रवाल ने उक्त आवास का बैचान विक्रय विलेख के माध्यम से श्री जितेन्द्र कुमार खत्री एवम् श्री जोगेन्द्र कुमार खत्री पुत्र श्री रामचन्द्र खत्री को किया गया। उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 11.09.2023 से पंजीकृत हैं।

श्री जितेन्द्र कुमार खत्री एवम् श्री जोगेन्द्र कुमार खत्री पुत्र श्री रामचन्द्र खत्री ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री जितेन्द्र कुमार खत्री एवम् श्री जोगेन्द्र कुमार खत्री पुत्र श्री रामचन्द्र खत्री का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/ हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री जितेन्द्र कुमार खत्री एवम् श्री जोगेन्द्र कुमार खत्री पुत्र श्री रामचन्द्र खत्री का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्जमकर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त- बीकानेर